https://hindi.news18.com/news/business/expressways-ganga-expressway-will-be-ready-by-kumbh-2025-reduce-travel-time-from-meerut-to-prayagraj-cover-uttar-pradesh-12-district-8312953.html

Expressway : बस तैयार होने ही वाला है यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे, 6 घंटे में मेरठ से पहुंचा देगा प्रयागराज

एक्सप्रेसवे पर न केवल गाडियां दौडेंगी, बल्कि आपात स्थिति में बड़े फाइटर प्लेन भी उतर सकेंगे.

Ganga Expressway Latest Update- पश्चिम से पूर्व की ओर जा रहे लोगों के लिए गंगा एक्सप्रेसवे की शुरुआत मेरठ से होगी. मेर ...अधिक पढ़ें

- NEWS18 हिंदी
- LAST UPDATED : MAY 12, 2024, 19:22 IST

Join our Channel

WRITTEN BY : Ruli Bishnoi

हाइलाइट्स

- गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के 12 जिलों के 518 गांवों से होकर गुजरेगा.
- एक्सप्रेसवे पर कारें 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार दौड़ेंगी.
- शाहजहांपुर में 3.50 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई जा रही है.

नई दिल्ली. देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे (Expressway) उत्तर प्रदेश में है. पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (Purvanchal Expressway) प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है. लेकिन, अगले साल तक इस एक्सप्रेसवे से यह ताज छिन जाएगा और गंगा एक्सप्रेसवे (Ganga Expressway) के नाम यह रिकार्ड हो जाएगा. गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य जोरों पर है और 2025 के कुंभ (Kumbh 2025) मेले से पहले इस एक्सप्रेसवे के पूरी तरह चालू होने की उम्मीद है. 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के 12 जिलों के 518 गांवों से होकर गुजरेगा. मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज में एनएच 19 पर जुदापुर दादू गांव के पास खत्म होगा.

उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे बना रहे डेवलपर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA) को दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (CM Yogi Adityanath) ने 2019 में कुंभ मेले के दौरान गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की घोषणा की थी. योगी चाहते हैं कि यह एक्सप्रेसवे आगामी महाकुंभ से पहले चालू हो जाए. कुंभ अगले साल 14 जनवरी से शुरू हो रहा है.

ये भी पढ़ें- कालिंदी कुंज से नोएडा एयरपोर्ट जाना होगा आसान, महज 30 मिनट में पूरा होगा सफर, NHAI करवा रहा है सर्वे

मेरठ से प्रयागराज पहुंचने में लगेंगे 6 घंटे

गंगा एक्सप्रेसवे के बन जाने के बाद मेरठ से प्रयागराज केवल 6 घंटे में पहुंचा जा सकेगा. इस एक्सप्रेसवे पर कारें 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार दौड़ेंगी. यह 6 लेन का एक्सप्रेसवे है लेकिन इसे जरूरत पड़ने पर 8 लेन तक चौड़ा किया जा सकता है.

गंगा एक्सप्रेसवे रूट

पश्चिम से पूर्व की ओर जा रहे लोगों के लिए इसकी शुरुआत मेरठ से होगी. मेरठ के बाद ये हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ से होता हुआ प्रयागराज पर खत्म होगा. गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण भी 12 चरणों में ही किया जा रहा है. इस प्रोजेक्ट पर 36,000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है.

उतर सकेंगे फाइटर प्लेन

गंगा एक्सप्रेसवे पर न केवल गाडियां दौडेंगी, बल्कि आपात स्थिति में बड़े फाइटर प्लेन और हेलीकॉप्टर भी इस पर उतर सकेंगे. शाहजहांपुर में 3.50 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई जा रही है. इसके अलावा गंगा और रामगंगा नदियों पर दो बड़े पुलों का निर्माण भी किया जा रहा है. गंगा एक्सप्रेसवे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बलिया लिंक एक्सप्रेसवे के जरिए राज्य के अन्य एक्सप्रेसवे को भी जोड़ेगा.

भारत का तीसरा सबसे लंबा एक्सप्रेसवे

गंगा एक्सप्रेसवे लंबाई के मामले में भारत का तीसरा सबसे लंबा एक्सप्रेसवे बनने वाला है. अभी जो सबसे लंबा एक्सप्रेसवे बन रहा है वो दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे है, जो 1,350 किलोमीटर से भी ज्यादा लंबा है. दूसरा सबसे लंबा मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे है जो 700 किलोमीटर से थोड़ा ज्यादा लंबा है.